हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 बादलों के आगोश में सूरज ठंड का असर बढ़ना शुरू



12 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करके एफआईआर दर्ज कराएं विभाग: डीसी



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने 9 सितंबर को हुए हादसे के बाद फरार वाहन चालक साल्हावास निवासी नितिन को गिरफ्तार है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 16 सितंबर को दर्ज किए गए मामले में राजस्थान के कारोली निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों हादसों में दो लोगों की जान चली गई थी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 11 अक्टूबर को दर्ज किए गए मामलेमें आदर्श नगर निवासी सुदेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 9 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के पंचोरी निवासी रामकिशन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में महिला गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने दखोरा गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गांव के कई लोगों के खिलाफ 20 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में आधा दर्जन लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एक आरोपी पुष्पा देवी को गिरफ्तार किया गया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बिजली गुल रहने से ग्रामीण परेशान

**पाल्हावास।** क्षेत्र के गांवों में बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को परेशान किया हुआ है। रोहड़ाई निवासी अनिल, अभिषेक, नवदीप, जयंत कुमार व बसंत आदि ने बताया कि रात के समय गांव में बिजली गुल हो जाती है। इसके बाद घंटों बिजली नहीं आती। गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को बिजली के बना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने निगम अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है। लोग कई दिनों से बिजली की समस्या का सामना कर रहे हैं।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी वारंट पर

**बावल।** पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के ममले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। बावल थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 4 अक्टूबर को क्षेत्र के एक गांव निवासी युगराज के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। आरोपी अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। पुलिस ने उसे तफ्तीश में शामिल करने के लिए कोर्ट से पोडक्शन वारंट पर ले लिया। पूछताछ के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर 27 अक्टूबर को आरोपियों को खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में टींट निवासी अजय और मंजीत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

# पूर्वांचलवासियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर तोड़ा उपवास, पारंपरिक गीतों के साथ छठ पर्व का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पूर्वांचल वासियों के चार दिवसीय छठ महापर्व का मंगलवार को उगते सूर्य की पूजा-अर्चना के साथ समापन हो गया। अलसुबह से ही हजारों की संख्या में महिला व पुरुष कृत्रिम घाटों व तालाबों पर सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए जुटने शुरू हो गए थे। महापर्व का मुख्य आयोजन शहर के सोलहराही तालाब व कोनसीवास रोड पर किया गया था। इसके अलावा नई अनाजमंडी, ढालियावास, झज्जर रोड, कालाका रोड व उत्तम नगर सहित औद्योगिक क्षेत्र धारूहेड़ा व बावल में भी कई जगह आयोजन किए गए। बड़ी संख्या में व्रतियों ने सरोवर व घाटों में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना करते हुए अपने उपवास का समापन किया।

### छठ पूजन समितियों की ओर से देर रात तक किया गया कार्यक्रमों का आयोजन

सोमवार रात से ही आयोजन स्थलों पर पूर्वांचल के लोगों का तांता लगा रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते रहे, ताकि व्रती अपने को असहज न समझें और प्रातः के आयोजन में बढ़-चढकर भाग ले सकें। आयोजन के लिए दर्जनों से अधिक स्थानों पर अस्थाई घाट बनाए गए थे।

### धारूहेड़ा नपा अध्यक्ष कंवर सिंह यादव ने लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी



उगते सूर्य का अर्घ्य देते हुए पूर्वांचलवासी



कोनसीवास रोड पर कृत्रिम घाट में सूर्यदेव की उपासना करते पूर्वांचल के लोग



### कार्यक्रमों ने पूर्वांचल संस्कृति से रूबरू कराया

महापर्व पर राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रमों में पहुंचकर पूर्वांचल समाज के लोगों शुभकामनाएं दी। कलाकारों ने कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां देकर पूर्वांचल संस्कृति से रूबरू कराया। आयोजन स्थलों पर देर रात तक कार्यक्रम चलते रहे। कोनसीवास रोड पर पूर्वांचल छठ पूजा समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि समिति के प्रधान राजीव यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विनीता मेहता, शामो देवी, ममता देवी, सुनीता शर्मा, डा. रवि रंजन, डा. अभय कुमार व उद्योगपति मनीकांत राय ने दीप प्रज्जवलित किया। समिति के प्रधान राजीव यादव, सदस्य संजय मिश्रा, विमल ठाकुर, धीरेन्द्र कुमार, सर्वजीत सिंह, प्रेमप्रकाश, कुंदन कुमार आईआईटी, अक्षय कुमार, प्रभाकर, अजीत कुमार, रितेश कुमार व कुंदन कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

### धारूहेड़ा में की गई छठ मैया की पूजा

औद्योगिक क्षेत्र धारूहेड़ा में अनेक स्थानों पर छठ पूजा पर्व का आयोजन धूमधाम से किया गया। सेक्टर-4 के शिव मंदिर, गायत्री मंदिर, आजाद नगर नंदरामपुर बास रोड व एप्रोच रोड पर कृत्रिम घाट बनाकर पूर्वांचल वासियों ने छठ मैया की पूजा की। मंगलवार को व्रतियों ने कृत्रिम घाटों के जल में खड़े होकर उगते सूर्य देव को जल अर्पित कर अपने व्रतों का समापन किया। धारूहेड़ा नपा अध्यक्ष कंवर सिंह यादव ने लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर धार्मिक संगठनों से राजकुमार भारद्वाज, मास्टर मदनलाल, अनिल कुमार पाठक, भोलाराम गुप्ता, संतोष झा, मनोज झा, विजेन्द्र, अरविंद, बाबा केशव पुरी, रिंकी, संगीता, नंदनी, रानी देवी, सरिता देवी, सरिता गुप्ता, शीला व सुनीता देवी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शास्त्रीय एकल नृत्य, देशभक्ति समूह गीत व बेस्ट ड्रामेबाज में विद्यार्थियों ने दिखाया जलवा

# बाल महोत्सव में 32 स्कूलों के 144 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, राज इंटरनेशनल छाया

### जिला स्तर के विजेताओं को 14 नवंबर को बाल दिवस पर सम्मानित किया जाएगा

■ जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंटकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान में जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से बाल भवन में मनाए जा रहे बाल महोत्सव के नौवें दिन शास्त्रीय एकल नृत्य चतुर्थ वर्ग, देशभक्ति समूह गीत तृतीय वर्ग तथा बेस्ट ड्रामेबाज द्वितीय वग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अनिल मलिक मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रुति शर्मा चेयरपर्सन बाल कल्याण समिति, नीतू चौधरी व बलजीत यादव सदस्य बाल कल्याण समिति, सत्यव्रत यादव, दीपा भारद्वाज व शशि जुनेजा आजीवन सदस्य ने शिरकत की। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंटकर स्वागत किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि बाल भवन में 30 अक्टूबर तक विभिन्न वर्गों में 42 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक

वर्ग में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और मंडल स्तर के विजेता राज्य स्तर पर भाग प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तर के विजेताओं को 14 नवंबर को बाल दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को क्लासिकल सोलो डांस चतुर्थ वर्ग, देशभक्ति समूह गीत तृतीय वर्ग व बेस्ट ड्रामेबाज द्वितीय वर्ग की सभी प्रतियोगिताओं में 32 स्कूलों के 144 बच्चों नें भाग लिया। इस मौके पर मुख्यातिथ अनिल मलिक ने कहा कि बच्चे अपनी प्रतिभा के बल पर बहुत आगे बढ़ सकते हैं। इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों के मानसिक स्तर का विकास होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने-अपने स्कूलों के अधिक से अधिक बच्चों को बाल महोत्सव की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भेजें ताकि उनमें छिपी हुई प्रतिभा को बाल भवन के मंच से निखारा जा सकें। जिला बाल कल्याण अधिकारी व उनकी टीम के कुशल प्रबंधन तथा बाल भवन में चल रही अन्य गतिविधियों की सराहना की। निर्णायक मंडल की भूमिका में श्रीपति शेखावत, अजय कुमार शर्मा, मनोज कुमार, कुमारी ब्रह्मा, नीलम, विनीता, संगीता, नवीन, मदन व सुधीर थे। मंच संचालन सुधीर यादव ने किया। कार्यक्रम में पिंकी कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीण यादव लेखाकर, रोशनी सुपरवाइजर, कौशल्या सहायक, मुग्धा अधीक्षिका, अजमेर परिवीक्षा अधिकारी, जोगिंद्र यादव, अशोक, धर्मवीर परियोजना समन्वयक, सुक्रम यादव, अनिल, मनोज, कविता, हेमलता, बाबूलाल, तेलु व जगबीर सहित वॉलेंटियर के रूप में नैंसी, रीतिका, दीपिका, यश्वी, दिव्या, एकता, रानी, पूजा, आशा व साक्षी ने सहयोग दिया।



रेवाड़ी। देशभक्ति समूहगान पेश करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि









### यह रहे नौवें दिन की प्रतियोगिताओं के परिणाम

**शास्त्रीय एकल नृत्य चतुर्थ वर्ग :** राज इंटरनेशनल स्कूल की कात्यायनी कलिंदिदी ने प्रथम, सतयुग संगीत कलां केंद्र की मान्या मखीजा ने द्वितीय, आरपीएस पब्लिक स्कूल धारूहेड़ा की सुहानी मिश्री एवं आरपीएस पब्लिक स्कूल रेवाड़ी की हर्षदा सिंह ने तृतीय, यूरो इंटरनेशनल की रुद्रा प्रिया, आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली की ईशा, नव ज्योति पब्लिक स्कूल पीथड़ावास की दिव्या व विमल हृदय कान्वेंट स्कूल की अनुप्रिया ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

**देशभक्ति समूह गीत तृतीय वर्ग :** राज इंटरनेशनल स्कूल की मानवी भारद्वाज की टीम ने प्रथम, आरपीएस पब्लिक स्कूल रेवाड़ी के रेयांश यादव की टीम ने द्वितीय, आरपीएस पब्लिक स्कूल धारुहेड़ा के सुमित तिवारी की टीम ने तृतीय एवं आरडीएस पब्लिक स्कूल धारूहेड़ा की वंशिका शर्मा, यूरो इंटरनेशनल स्कूल की यश्वी की टीम, कैनाल वैली पब्लिक स्कूल की भविका की टीम, आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली की तनिशा की टीम एवं सैनी पब्लिक स्कूल की दिव्यान्शी की टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## शिकायत निवारण शिविर में 18 शिकायतों पर की गई सुनवाई

**कोसली।** बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति की सुविधा उपभोक्ताओं को देने के लिए विभाग की टीमें रात-दिन काम कर रही हैं। उपभोक्ताओं को भी समय पर अपने बिजली बिलों की अदायगी करनी चाहिए। कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार मंगलवार को शिकायत निवारण शिविर में जानकारी दे रहे थे। शिविर में कम वोल्टेज, ट्रांसफार्मर बदले जाने, पोल हटाने, छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को शिफ्ट कराए जाने, बिल ठीक करने, ट्यूबवेल कनेक्शन लगवाने जैसी 18 शिकायतें सुनी गईं। शिविर में एसडीओ सुमित कुमार, लेखाकार राकेश फोगाट, अशोक कुमार व एचडीएम विक्रम यादव मौजूद थे। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि कोसली डिवीजन में 33 केवी क्षमता के 18 सब स्टेशन हैं। करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से गांव जखाला और निमोठ में 33 केवी क्षमता के दो नए सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं।



रेवाड़ी। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनते हुए कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

गांव जखाला का पावर हाउस इसी साल के अंत तक काम करना शुरू कर देगा, जबकि निमोठ का 33 केवी पावर हाऊस वर्ष 2026 तक तैयार होगा।

## वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं विश्व एकता दिवस के उपलक्ष्य में श्रमदान साधना साप्ताहिक कार्यक्रम आरंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में सफाई की। इस मौके पर कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने कहा कि विश्वविद्यालय को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी को दृढ़ संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि महर्षि चरक हर्बल गार्डन में नई तकनीक से औषधीय पौधों को लगाया जाएगा, जिसकी सहायता से विद्यार्थी शोध कार्यों के रूप में उनका उपयोग भी करेंगे। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन के बारे में बताते हुए उनके विचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।



रेवाड़ी। आईजीयू में सफाई करते कुलसचिव व स्टाफ।

### स्वच्छता का संदेश दिया

अभियान का शुभारंभ करते हुए विश्वविद्यालय परिसर, प्रशासनिक भवन, उद्यानों एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। कुलसचिव ने कहा कि हमारा विवि केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि पर्यावरणीय चेतना का भी प्रतीक है। ग्रीन कैंपस की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब हम सभी यह संकल्प लें कि स्वच्छता, हरियाली और सतत विकास को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे। अभियान के दौरान एसडीई एवं बागवानी शाखा के इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, जेई अनिल नैन, हरिंदर, कैप्टन मुकेश यादव, गैर-शिक्षक कर्मचारी संगठन प्रधान, विकास चौधरी ने अहम भूमिका निभाई।

## आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है

# शुभ फलदायी मानी जाती है आंवला नवमी

■ आंवला नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा कर परिवार के लिए आरोग्यता और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी को समर्पित आंवला नवमी का पर्व 31 अक्टूबर को विधि विधान से मनाया जाएगा। आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 6 मिनट से शुरू होगी और 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 3 मिनट पर समाप्त होगी। उनका कहना है कि आंवला नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा कर परिवार के लिए आरोग्यता और सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस दिन किया गया तप, जप और दान इत्यादि व्यक्ति को सभी पापों से मुक्त करता है।



रेवाड़ी। 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी आंवला नवमी। फोटो :हरिभूमि

### इस बार बन रहे हैं कई शुभ योग

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि अक्षय नवमी पर कई शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन वृद्धि योग भी बन रहा है। यह योग समृद्धि और उन्नति देने वाला माना जाता है और सुबह 6 बजकर 17 मिनट से प्रभावी रहेगा। पूरे दिन रवि योग का संयोग भी है, जिसमें किए गए कार्य सफल माने जाते हैं और मांलक्ष्मी की विशेष कृपा मिलती है। इसके अलावा शिववास योग भी बना है, जो पूजा-पाठ और शुभ कार्यों के लिए बहुत फलदायी माना जाता है।

### भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है

सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है। मान्यताओं है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे पूजा करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। इसके लिए सबसे पहले आंवला वृक्ष के नीचे गंगाजल छिड़ककर उसे पवित्र करें। फिर पेड़ के चारों ओर घी का दीपक जलाएं और पूजन कर फूल-माला अर्पित करें। आंवले के पेड़ की परिक्रमा करने से और पेड़ को जल चढ़ाने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती हैं और व्यक्ति को सुख-समृद्धि का समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।


## एसडीएम ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

एसडीएम बावल मनोज कुमार ने मंगलवार को बावल उपमंडल के विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालयों के अध्यापकों और विद्यार्थियों से बातचीत कर फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम मनोज कुमार ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कालडावास व राजकीय उच्च विद्यालय सुठाना का निरीक्षण किया। विद्यालयों में किसी भी प्रकार की खामियां नही पाई गई। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए निरंतर पढ़ाई करने को लेकर जागरूक किया। वहीं पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। स्कूल में हाजरी रजिस्टर चैक करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि



## 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।


लाइफ Style

# सोनम
## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।



हॉलीवुड मसाला



## नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



## ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



## शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक


**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



## पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



## बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।'बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

### फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



## नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं'। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



## लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



### रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली।* *इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा'ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट'की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर'का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

# पार्षद रजनी ने बेटियों का बनवारा निकालकर दिया समाज को संदेश

**खास बातें**

- घोड़ा बग्गी और डीजे के साथ निकला बेटियों का बनवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के वार्ड नंबर 19 की पार्षद रजनी देवी पत्नी धूप सिंह बहल के परिवार ने समाज में बेटियों के सम्मान का संदेश देने की एक मिसाल पेश की है। पार्षद की दोनों पुत्रियों की शादी आगामी दो नवम्बर (देव उठनी ग्यारस) को निर्धारित है। इस उपलक्ष्य सोमवार को परिवार ने अपनी दोनों बेटियों का पारंपरिक बनवारा धूमधाम से निकाला। डीजे की मधुर धुनों और घोड़ा बग्गी पर सवार होकर दोनों बेटियों का बनवारा निकाला गया, जिसमें पूरा परिवार, रिश्तेदार, मोहल्ला निवासी और समाजसेवी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। वार्ड पार्षद रजनी देवी कहा कि यह बनवारा सिर्फ एक पारिवारिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देने का प्रयास है कि बेटियां किसी भी दृष्टि से बेटों से कम नहीं। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। हमें उन्हें समान अवसर और सम्मान देना चाहिए। यह बनवारा उसी सोच का प्रतीक है कि बेटा-बेटी एक समान हैं। बेटियों के पिता धूप सिंह बहल ने कहा कि समाज में आज भी कई जगह बेटियों के प्रति भेदभाव देखने को मिलता है, लेकिन अब समय बदल रहा है। बेटियां शिक्षा, राजनीति, खेल, और सेवा जैसे हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। हमारा उद्देश्य यही है कि समाज में हर बेटी को वही सम्मान मिले, जो एक बेटे को दिया जाता है। बनवारा निकालकर हमने एक छोटी सी कोशिश की है कि लोग सोच बदलें और बेटियों को समान अधिकार दें।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते परिवार के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा

इस मौके पर नगर परिषद के उप प्रधान संजय यादव, पार्षद मोहन लाल शर्मा, पार्षद कपिल यादव, पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा, पार्षद मुकेश शर्मा ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लड़का हो या लड़की एक सम्मान देखना चाहिए तथा लड़कियों के साथ कोई भेदभाव ना करें। बेटियों का सम्मान कर बहल परिवार ने जो संदेश दिया है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता और सकारात्मक सोच को जन्म देते हैं।

# मॉडर्न स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एक नवम्बर से

- स्कूल प्रांगण में 24वीं वार्षिक खेलकूद स्पर्धा की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक नवम्बर से दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस दौरान विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी। प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि एक नवम्बर से स्कूल प्रांगण में 24वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रतियोगिता के दौरान लड़कों व लड़कियों की अलग-अलग प्रतियोगिता के साथ-साथ अध्यापकों की 200 मीटर रेस, रस्साकस्शी, वॉलीबाल के अलावा अध्यापिका रस्साकस्शी, म्यूजिकल चेयररेस मुख्य आकर्षक का केंद्र रहेंगी। चेयरमैन सतनसिंह ने सभी विद्यार्थियों को खेल संबंधित जानकारी देते हुए उन्हें बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और अभिभावकों को अधिक से अधिक संख्या में स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने का आग्रह किया।

## खबर संक्षेप



### शिविर में निःशुल्क दवाइयां की वितरित

**महेंद्रगढ़।** एसएम सहलग फाउंडेशन व एचडीएफसी बैंक के संयुक्त प्रयास से संचालित परिवर्तन परियोजना के तहत महेंद्रगढ़ खंड पांच गांवों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क दवाई वितरित की गई। शिविर के संचालन में जयपुर हार्ट अस्पताल व रेडक्रॉस सोसायटी का सहयोग रहा। संस्था परिजयोजना समन्वयक रामदिया कश्यप ने जानकारी दी। मौके पर जयपुर हार्ट अस्पताल के संचालक डॉ. एसएस यादव, डॉ. मोनिष, डॉ. नितेश सैनी व विजय खटाना तथा रेडक्रॉस सोसायटी से डॉ. एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाल विवाह रोकने को गठित समित को निर्देश

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बाल विवाह अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति के अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम के लिए देवउठनी एकादशी पर विषेश सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि देवउठनी एकादशी के दिन जिले में बाल विवाह की आशंका रहती है। ऐसे में सभी विभाग सक्रिय रहें। उन्होंने बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी सरपंचों को निर्देश दिए जाएं कि गांव में होने वाले बाल विवाह की सूचना विभाग को दी जाए।

## जेसीबी ने रोड पर बने चबूतरे व अन्य सामाग्री हटाई

# वार्ड-13 में नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

मार्ग पर अनेक दुकान और राजकीय महाविद्यालय, महिला कॉलेज, लघुसचिवालय जाने को यह मार्ग है छोटा



महेंद्रगढ़। नगर पालिका द्वारा तोड़े गए चबूतरे। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका टीम ने मंगलवार को भी वार्ड नंबर 13 के मोहल्ला खटीकान में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी मशीन ने रोड पर बने चबूतरे व अन्य सामाग्री हटाई गई। लोगों की ओर से अभियान को लेकर कोई रोष नहीं जताया गया।

टीम ने शांतिपूर्वक तरीके से धीरे–धीरे करके लोगों द्वारा रोड पर बनाए चबूतरे को हटाया गया। वहीं वार्ड पार्षद सुरेंद्र फौजी का कहना है कि नगर पालिका ओर से सहीं तरीके से अतिक्रमण नहीं हटाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि नगर पालिका को पैमाइश करवाकर अभियान चलाना चाहिए, ताकि सड़क का चौड़ीकरण सही तरीके से हो सके। इस रास्ते पर अनेक लोगों ने सरकारी जमीन पर लंबे समय से कब्जा किया हुआ है। बता दें कि शहर के मौहल्ला बास से स्टेट हाईवे-148बी तक एक किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का नवनिर्माण किया जा रहा है। नपा की ओर से इसके लिए 49 लाख का बजट तय किया हुआ है। यह मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में हैं। सड़क जर्जर होने के चलते आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क का निर्माण होने से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी फायदा मिलेगा। यह मार्ग इंटरलॉकिंग टाइलों से बनाया हुआ था। इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए थे। इस एक किमी मार्ग पर अनेक मोहल्ले पड़ते हैं। शहर को जोड़ने के लिए मोहल्ला सराय रोड, मोहल्ला सुनारों का, मोहल्ला धानकान, सराय खटीकान होते हुए 148-बी स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला यह सुगम मार्ग है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद शहर पर यातायात का भार भी कम हो जाएगा। इस बदहाल मार्ग पर बरसात के समय में गड्ढों में पानी भरने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ जाती थी। साथ लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण सड़क संकरा हो गया। इस मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय, महिला कॉलेज, लघुसचिवालय, न्यायिक परिसर सहित मिस्त्री व अन्य मार्केट स्थित है। इसके बनने से शहर व गांवों से जाने वाले लोगों को लघु सचिवालय, तहसील में लोगों व कॉलेजों में विद्यार्थियों का आवागमन सुगम हो जाएगा।

### मार्ग पर हैं कई दुकानें:

इस मार्ग पर तीन से चार मंदिर, स्कूल, किरयाणा की दुकान, कबाड़ की दुकानें सहित अनेक मोहल्ले स्थित है। लोग लघु सचिवालय जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा लोग सब्जी मंडी व शहर का प्रमुख 11 हट्टा बाजार जाने के लिए इसी रोड से होकर गुजरते हैं। स्कूली विद्यार्थी व कॉलेज की छात्राएं महाविद्यालय में इसी रास्ते से जाते हैं। यह छोटा व आसान रास्ता भी है। पिछले काफी सालों से यह रोड टूटा हुआ था। अब नगर पालिका ने इस मार्ग की सुध ली है।

### 49 लाख से सड़क निर्माण किया जा रहा

नगर पालिका की ओर से 49 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण किया जा रहा है। इस मार्ग से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। सड़क बनने से अनेक मौहल्लों को इसका लाभ मिलेगा। *-रमेश सैनी,* नगरपालिका प्रधान, महेंद्रगढ़।

# डीसी ने राष्ट्रव्यापी सरदार @ 150 एकता मार्च के संबंध में ली बैठक

31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी व 1 नवंबर को निकाली जाएगी राष्ट्रीय पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

राष्ट्रीय एकता की भावना को इसी प्रकार जगाए रखने व सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान को याद करने के लिए दो माह तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी आयोजन सरदार @ 150 एकता मार्च को लेकर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। डीसी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान निबंध, वाद विवाद तथा व्याख्यान आदि का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार पोस्टर निर्माण बैनर निर्माण और अन्य प्रकार की गतिविधियां चलाई जाएगी। अभियान के दौरान स्वच्छता अभियान योग एवं स्वास्थ्य सत्र तथा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाले नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अमृत सरोवर और सामुदायिक क्षेत्र में स्वच्छता गतिविधियां चलाई जाएगी। राष्ट्रीय नायकों की मूर्तियों की सफाई अभियान चलेगा। स्वदेशी को अपनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर के भारत में अधिमिलन से जुड़े तथ्यों व संवैधानिक प्रक्रियाओं से कराया रुबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- हकेंवि में जम्मू-कश्मीर अधिमिलन पर विमर्श का आयोजन

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग द्वारा जम्मू-कश्मीर अधिमिलन के अवसर पर विभागीय विमर्श आयोजित किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को जम्मू-कश्मीर के भारत में अधिमिलन से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों एवं संवैधानिक प्रक्रियाओं से अवगत कराना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने संदेश के माध्यम से विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि यह विमर्श अवश्य ही विद्यार्थियों को जम्मू-कश्मीर के भारत में अधिमिलन के इतिहास को जानने में मददगार साबित होगा। आयोजन में इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अभिरंजन कुमार ने विद्यार्थियों के साथ विमर्श करते हुए 26 अक्टूबर 1947 को महाराजा हरिसिंह ने विलय पत्र पर हस्ताक्षर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, जिन्ना व पाकिस्तान आंदोलन में कश्मीर का महत्त्व, विलय की वैधानिक मान्यता, गांधी और नेहरु व 1947 का कलीबाई का आक्रमण, धारा 370 के बाद जम्मू और कश्मीर सहित विभिन्न पक्षों पर चर्चा की। विश्वविद्यालय में इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र परमार ने कहा कि विलय पत्र पर हस्ताक्षर केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं था।



विद्यार्थियों के साथ विमर्श करते डॉ. अभिरंजन कुमार।

# नशे की लत से पूरी प्रतिभा क्षमता व भविष्य होता बर्बाद

महिला कॉलेज में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में साइबर क्राइम, साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा व सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डीएसपी सुरेश कुमार थे। इसके अलावा थाना शहर से निरीक्षक मुकेश कुमार, दुर्गा शक्ति टीम से इंस्पेक्टर मीनाक्षी शर्मा, साइबर थाना से एसआई सुधीर, एसआई विक्रम व अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

डीएसपी सुरेश कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के विनाशकारी प्रभावों के प्रति अत्यंत प्रभावशाली ढंग से जागरूक किया। उन्होंने यह बात उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट की कि नशा किस प्रकार एक उज्ज्वल जीवन को भी अंधकारमय बना देता है। डीएसपी ने जोर देकर कहा कि जीवन में व्यक्ति कितनी ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ले, नशे की लत में पड़ते ही उसकी पूरी प्रतिभा, क्षमता व भविष्य बर्बाद हो जाता है। यह एक ऐसा धीमा जहर है, जो न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि उसके सामाजिक और पारिवारिक जीवन की जड़ों को भी खोखला कर देता है।



नारनौल। व्याख्यान में छात्राओं को जागरूक करती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

# नशा समाज की प्रगति में बाधकः प्राचार्या

नशा मुक्ति एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, सुशासन तथा नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ, जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम से पूर्व महाविद्यालय की एंटी ड्रग सेल के तत्वावधान में नशा मुक्ति पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों पर विचार प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से प्रस्तुत किए। शहर थाना अध्यक्ष पवन कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पुलिस विभाग से विकास एवं दीपक भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। मुख्य वक्ता थानाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज तीनों के लिए विनाशकारी है। थाना अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि वे समाज में सकारात्मक सोच अपनाएं और किसी भी प्रकार के अपराधी या अनुचित गतिविधियों का समर्थन न करें।



महेंद्रगढ़। कॉलेज में नशे के खिलाफ कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

### प्रो. जितेन्द्र कुमार वशिष्ठ ने मंच का संचालन किया

कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. जितेन्द्र कुमार वशिष्ठ ने मंच संचालन करते हुए थाना अध्यक्ष पवन कुमार एवं उनकी टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. विजय यादव, डॉ. सोमवीर, डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ. विकास गुप्ता व विजयपाल आदि मौजूद रहे।

# कर्मियों ने कार्यकारी अभियंता से मुलाकात कर धरना किया समाप्त

धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रांतीय मुख्य सलाहकार महेंद्र यादव व मंच संचालन ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्ट्रेशन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक मंडल कार्यालय में जारी रहा। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रांतीय मुख्य सलाहकार महेंद्र यादव व मंच संचालन ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने किया।

इस दौरान कार्यकारी अभियंता अमित जैन की मध्यस्थता से यूनियन शिष्ट मंडल की मीटिंग हुई, जिसमें सभी कर्मचारियों को मौके पर तेल और साबुन वितरण किया गया और सभी कर्मचारियों के आई कार्ड बनवाए गए। इसके अलावा ट्रंप अपार्टमेंट के कर्मचारियों का पीएफ व ईएसआई के लिए एजेंसी से मौके पर बात की गई। यह एजेंसी बुधवार को रोहतक से आकार सभी कर्मियों के अकाउंट खोले जाएंगे। बाकी मांग शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।



महेंद्रगढ़। कार्यकारी अभियंता से बात करते कर्मी।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जिला चेयरमैन विनोद कुमार, जिला मुख्य सलाहकार राजवीर, प्रांतीय सह सचिव सुनील उर्फ बंटी, ब्रांच अध्यक्ष रमेश बेरी, सचिव कुलदीप, खजांची यशपाल, उपप्रधान सुनील पाली, नवीन, रामकुमार, प्रदीप, प्रेस सचिव नरवीर, हैप्पी, सतबीर, श्री भगवान, सुरेश पाल, राजेश सुरेहती, संदीप, अनिल, पवन, नरेंद्र व पूनम आदि उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज में नशा मुक्ति व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# जिले को नशा मुक्त व सड़कों को दुर्घटनाओं से मुक्त बनाने की मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को यूथ रेडक्रॉस व सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सौजन्य से नशा मुक्ति व सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान उपायुक्त कप्तान मनोज कुमार व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. पूर्ण प्रभा के दिशानिर्देश में आयोजित किया गया। यूथ रेडक्रॉस एवं नशामुक्ति क्लब के नोडल अधिकारी प्रो. डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से जिले को नशा मुक्त व सड़कों को दुर्घटनाओं से मुक्त हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। इसी कड़ी में महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरूकता व सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें युवाओं व आमजन को जागरूक किया गया।




नारनौल। शपथ लेते विद्यार्थी व कॉलेज स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

### भारत का भविष्य युवाओं के हाथ में : डॉ. नरेश कुमार

डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि भारत का भविष्य युवाओं के हाथ में है। यदि युवा वर्ग नशे से दूर रहेगा और यातायात नियमों का पालन करेगा, तो न केवल उनका जीवन सुरक्षित रहेगा, अपितु राष्ट्र का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। उन्होंने ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हम सब ने यह ठाना है जिले को नशामुक्त और सड़कों को दुर्घटना मुक्त बनाना है।

### विद्यार्थियों को दिलाई जागरूकता शपथ

इस अवसर पर विद्यार्थियों को जागरूकता शपथ दिलाई गई व जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सीनियर प्रोफेसर डॉ. नरेश व कुलसचिव डॉ. सत्यपाल सुलोदिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने गांव, मोहल्ले, समाज व जिले में जाकर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें, ताकि हम एक स्वस्थ, स्वच्छ और सशक्त समाज की कल्पना को साकार कर सकें।

**यह रहे मौजूदः** महाविद्यालय कुलसचिव व सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. सत्यपाल सुलोदिया ने कहा कि नशाखोरी व सड़क दुर्घटनाओं का आपस में गहरा संबंध है। नशे की झोंक में लोग ट्रैफिक नियमों का अनुपालन नहीं करते हैं तथा दुर्घटना के शिकार होते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. योगेश यादव, डॉ. सोनू जागलान, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. प्रवीण गोरिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विद्यार्थियों को दी साइबर अपराध की जानकारी

**नारनौल।** यदुवंशी कॉलेज में विद्यार्थियों को एंटी ड्रैग व साइबर अपराध के बारे में अवगत करवाते हुए एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि ड्रग तस्करी अब केवल स्थानीय स्तर की नहीं रही, बल्कि अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, क्रिप्टो, अंधेरे वेब आदि माध्यमों से चलने लगी है। साइबर अपराध में मूले खाते, फर्जी कॉल, सेंटर, मनी लॉनड्रिंग आदि का प्रयोग बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स की तस्करी, संदिग्ध साइबर कॉल या फ्रॉड तुरंत स्थानीय पुलिस साइबर सेल को सूचना दें। उन्होंने कहा कि स्कूल व कॉलेज में एंटी ड्रग सेल साइबर सुरक्षा कार्यक्रम होने चाहिए। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि साइबर अपराध का स्वरूप भी बदल रहा है, सिर्फ फिशिंग या पैसे की ठगी नहीं, बल्कि सोशल मीडिया, फोटो, वीडियो क्लोनिंग, नकली प्रोफाइल, ऑनलाइन रिलेशनशिप फ्रॉड आदि भी बढ़े है। इस मौके पर प्राचार्य बजरंग लाल, संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. सोनल यादव आदि उपस्थित थे।




विद्यार्थियों को जागरूक करते एसएचओ अनिल कुमार।

### नायन स्कूल में निकाली जागरूकता रैली

**नारनौल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन में भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत इस अभियान को पांच वर्ष पूर्ण होने पर नशे के खिलाफ पूरे गांव में एक जागरूकत रैली निकाली गई। विद्यालय प्राचार्य डा. महीपाल सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**सूचना**

मैं, धर्मपाल सिंह यादव पुत्र श्री जगमाल सिंह निवासी विकास नगर, पार्ट-2, कालाका रोड रेवाड़ी तहसील व जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमन कुमार यादव व उसकी पत्नी कांता और दूसरा पुत्र प्रमोद व उसकी पत्नी भतेरी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सैन्य नं. 4562739K रैंक एनके रमेश पुत्र धर्मपाल निवासी कारोली तह. कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरे सेना सर्विस (DSC) रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम पुष्पा देवी (PUSPA DEVI) दर्ज है। जबकि मेरी पत्नी का सही नाम पुष्पा देवी (PUSHPA DEVI) है जो कि उसके सभी दस्तावेजों आधार कार्ड, पैन कार्ड में दर्ज है। यह सूचना मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम पुष्पा देवी (PUSPA DEVI) के स्थान पर सही नाम पुष्पा देवी (PUSHPA DEVI ) दर्ज कराने के लिए है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव गोकलगढ़ के अंदर कंडम सामान की बोली दिनांक 7-11-2025 को प्रातः 11 बजे पंचायत घर में लगाई जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। बोली के लिए आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

-राजबीर, सरपंच,
गोकलगढ़ (जिला रेवाड़ी)

## खबर संक्षेप



### एनसीसी वेपन नॉलेज में विजेता बनी निकिता


**रेवाड़ी।** राजकीय महाविद्यालय सिधरावली गुरुग्राम में आयोजित 12वें इनोवेशन कार्यक्रम में अहीर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा और सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ड्रिल प्रतियोगिता में कैडेट निकिता, तन्नू, भावना, एकता और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फायरिंग प्रतियोगिता में निकिता, तन्नू व आचुकी भी तृतीय तथा एनसीसी वेपन नॉलेज प्रतियोगिता में निकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज की प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सम्मानित किया। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अल्पना यादव ने भी कैडेट्स के उज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम सुरेहली में आज

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 29 अक्टूबर को जिले के गांव सुरेहली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया को पितृ शोक

**रेवाड़ी।** बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद् के संस्थापक महासचिव



साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया के पिता होशियार सिंह यादव का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली अस्पातल में उपचाराधीन थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सोलहराही स्थित शमशान घाट में किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र विश्वदत्त यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी।

### चार दिन से लापता वृद्ध का पेड़ से लटका मिला शव

**डहीना।** पांच दिन से घर से लापता बोहका के एक बुजुर्ग का शव मंगलवार सुबह गांव की बणी में पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। मौत के कारणों की जांच के लिए शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। लगभग 70 वर्षीय मुखत्यार सिंह पांच दिन पहले अचानक घर से लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। मगलवार सुबह गांव की बणी की ओर गए लोगों ने पेड़ से एक शव लटकता देखा।

---

डीसी ने जिला नगर योजनाकार विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

# अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करके एफआईआर दर्ज करवाएं विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने जिला नगर योजनाकार विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में अवैध निर्माण न होने दिए जाएं। ऐसा करने वालों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को पूर्णतः ध्वस्त किए जाएं तथा कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। डीसी मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला नगर योजनाकार, खनन व नार्को के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की। डीसी ने अवैध कॉलोनियों में तोडफोड़ की कार्यवाही व एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जो अवैध कॉलोनियां नियमितिकरण पॉलिसी के अंतर्गत नहीं आती हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाए। जहां कहीं भी अवैध निर्माण हो रहा है उसे तुरंत प्रभाव से ध्वस्त किया जाए। डीटीपी मनदीप सिहाग ने बताया कि सरकार के निर्धारित नियमों की पालना जिला में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित की जा रही है।



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आप अपनी मेहनत की पूंजी को प्लॉट की खरीदारी की उत्सुकता में अवैध कॉलोनाइजर के हाथों न सौंपे, अन्यथा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। पूरी जांच परख के बाद ही जमीन की खरीद फरोख्त करें, ताकि किसी भी प्रलोभन का शिकार न हो पाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से जानकारी प्राप्त करें।

> डीसी मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला नगर योजनाकार, खनन व नार्को के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की

#### अवैध खनन रोकने के लिए मॉनिटरिंग जरूरी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में किसी भी रूप से अवैध खनन न हो इसके लिए खनन विभाग नियमित मॉनिटरिंग करे। उन्होंने कहा कि कहीं भी अवैध खनन हो रहा हो तो दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कहीं भी अवैध माइनिंग की जा रही है तो खनन विभाग उस मामले में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए माइनिंग को बंद कराएं।

#### युवाओं को नशा न करने को लेकर करें जागरूक

*डीसी मीणा ने कहा कि नार्को समन्वय कमेटी के अधिकारी जिले में नशा करने वालों की पहचान करें और उनकी काउंसलिंग कराएं। उन्होंने कहा कि जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के साथ-साथ विद्यालय व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नशा न करने बारे जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में गठित टीम द्वारा नियमित रूप से रेड करते हुए जिले में नशीले पदार्थों की आपूर्ति के नेटवर्क को ध्वस्त करने पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशे की प्रवृति से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक कार्यों में करें।*

---

# सर्दी का मौसम शुरू, अवैध कट पूर्णत बंद करें विभाग



रेवाड़ी। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

- डीसी अभिषेक मीणा ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में जिला में नए बनाए और मरम्मत किए रोड सहित सभी सड़कों की पूरी तरह से मार्किंग होनी चाहिए, उन पर साइन बोर्ड, सफेद पट्टी व रिफ्लेक्टर का प्रबंध करें ताकि धुंध के समय वाहन चालकों को परेशानी न हो पाए। डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की जिलास्तरीय बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि जिले से निकल रहे राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित संपर्क सड़क तंत्र की मजबूती के साथ सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। ऐसे में संबंधित विभाग अपने अधिकार क्षेत्र की सड़कों के सुधारीकरण पर पूरी मॉनिटरिंग करते हुए सही रखरखाव रखे। जिले की सड़कों पर सभी ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। लोक निर्माण विभाग, एचएसवीपी, राजमार्ग प्राधिकरण, नेशनल हाईवे व एचएसआईडीसी आदि विभागों के अधीन सडकों पर जो भी ब्लैक स्पॉट हैं, उनको तत्परता से दूर किया जाए। वहीं जिले के सभी मार्गो से अवैध कटों को पूर्णतयाः बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे ऑथॉरिटी की ओर से फ्लाई ओवर के साथ सर्विस लेन दोनों साइड से सही ढंग से बनाई जाए।

#### नियमित जांच के आदेश

डीसी ने कहा कि सभी विभाग अपने अधिकार क्षेत्र की सड़कों पर गड्ढों को दुरुस्त करने के साथ ही टी-प्वाइंट सहित आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड और ब्रेकर बनवाएं। ओवरलोड वाहनों के चालान करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत स्कूल बसों की नियमित जांच करने के आदेश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, आरटीए सचिव एवं एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

---

# विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता बनाए रखने का दिलाया संकल्प

- पुलिस टीम ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित दी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की टीमें अपराध नियंत्रण व जन समन्वय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। पुलिस की ओर से साइबर अपराधों, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों व सड़क सुरक्षा को लेकर भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

पुलिस की ओर से 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

मंगलवार को शहर थाना प्रबंधक सीमा कुमारी ने टीम के साथ जैन पब्लिक स्कूल व होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षकों व विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सद्भावना बनाए रखने का संकल्प दिलाया। एसएचओ शहर थाना ने विद्यार्थियों को मोबाइल के दुरुपयोग, नशे से होने वाले दुष्परिणामों तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी।



रेवाड़ी। स्कूल में नुक्कड़ नाटक पेश करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

**रेवाड़ी।** मंगलवार सुबह भक्ति नगर में बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मूल रूप से खिजूरी निवासी 60 वर्षीय प्रभुदयाल परिवार सहित भक्ति नगर में रहता था। सुबह के समय वह सड़क पर टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रभुदयाल के बेटे कमल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी।

# होटल में ठहरने वाले व्यक्तियों का सात साल का रिकॉर्ड सुरक्षित रखेः एसएचओ

- होटल में काम करने वाले सभी कर्मचारियों की वेरिफिकेशन जरूर करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंगलवार को थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर सीमा ने थाना क्षेत्र के सभी होटल व गेस्ट हाउस संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी को हर समय पोर्टल पर ऑनलाइन होटल रजिस्टर्ड करने तथा होटलों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ऑनलाइन इंद्राज दर्ज करने को लेकर निर्देश दिए। सिटी थाना एसएचओ ने कहा कि संचालक होटल व गेस्ट हाउस में ठहरने व्यक्तियों की कम से कम दो आईडी जरूर लें। बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को कमरा न दिया जाए तथा जो व्यक्ति ठहरता है उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें। यदि कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति आकर रुके, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक वारदात को समय से पहले रोका जा सके। होटल में काम करने वाले सभी कर्मचारियों की वेरिफिकेशन जरूर कराएं तथा होटल व गेस्ट हाउस में ठहरने वाले व्यक्तियों का रिकॉर्ड भी कम से कम सात साल तक सुरक्षित रखे।



रेवाड़ी। होटल व गेस्ट हाउस संचालकों की बैठक लेती एसएचओ सीमा।

---



रेवाड़ी। छात्राओं को जानकारी देते हुए संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन के प्रति किया जागरूक

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका व करनावास में बावल स्थित निजी कंपनी की ओर से सीएसआर गतिविधी के तहत महावारी स्वच्छता अभियान के तहत छात्राओं के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के दौरान छात्राओं को सैनिटरी पैड वितरित किए गए। छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन और मासिक धर्म में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया। डा. रवीना यादव, एएनएम सविता कुमारी व संस्था से सलोनी सिंगला ने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक श्याम सुंदर ने कंपनी के अधिकारी महीपत कुमार, शत्रुघ्न, अभिषेक जैन व अंजली सहित स्कूल स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# नशा न करने की शपथ दिलाई

- कैनाल वैली पब्लिक स्कूल बेरली में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जिला यूनिट की ओर से मंगलवार को कैनाल वैली पब्लिक स्कूल बेरली में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। एनसीबी जिला यूनिट के अधिकारियों ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर एनसीबी यूनिट के निरीक्षक नीरज ने कहा कि नशा एक दीमक की तरह समाज को खोखला कर रहा है और यह गांवों, गलियों और घरों तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थान, मीडिया और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जागरूक समाज ही बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकता है। सहायक उप निरिक्षक सुनील कुमार ने हरियाणा सरकार और एचएसएनसीबी की पहल जैसे नमक लोटा अभियान, साइक्लोथोन मुहिम और नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन, बेकैट चैलेंज के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर सुरेन यादव व प्राचार्य रेखा यादव सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए पुलिस अधिकारी।

### पुलिसकर्मियों को देशभक्ति फिल्म दिखाई

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से 31 अक्टूबर तक पुलिस स्मृति दिवस एवं फ्लैग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करके शहीदों को याद किया जा रहा है। मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित पुलिस लाइन में देशभक्ति फिल्म शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस एवं फ्लैग दिवस पर हर वर्ष 21 से 31 अक्टूबर तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है ताकि आमजन व बच्चों को देश के वीर जवानों की बहादुरी से अवगत कराया जा सकें। पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों को देशभक्ति फिल्म दा लीजेंड ऑफ भगत सिंह दिखाकर वीर शहीदों की ओर से देश सेवा में दिए जाने वाले बलिदान तथा उनकी वीर गाथाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिसकर्मियों को देशहित में प्राणों की परवाह किए बिना अपनी ड्यूटी को निभाने के लिए प्रेरित किया गया।



रेवाड़ी। पुलिस लाइन में देशभक्ति फिल्म देखते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

---




रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### कल्चरल फेस्ट में अच्छी उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**रेवाड़ी।** शहीद रविंद्र कुमार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल शोभा भारद्वाज में बताया कि कल्चरल फेस्ट में विद्यार्थियों ने अच्छी उपलब्धियां अर्जित की, जिसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ग्रुप डांस का चयन हुआ है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंवाली में आयोजित जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में चार इवेंट हुए थे, जिसमें चारों ही इवेंट में पीएमश्री पाल्हावास ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें प्रथम हरियाणवी ग्रुप डांस, द्वितीय स्थान पर रागनी, द्वितीय स्थान पर स्किट और सोलो डांस में कुमारी बेबी तृतीय स्थान पर रही। इस उपलब्धि पर किरण यादव, सुमन यादव व मोना यादव को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य शोभा भारद्वाज और सभी स्टाफ सदस्यों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सतीश कुमार, मुकेश कुमार, उर्मिला यादव, डेजी, सुमन, सोनू यादव, पुष्पा यादव, पूनम यादव, किरण यादव, मोना यादव, राजबाला, वंदना, सुषमा शर्मा, मांगेराम, अनीता यादव, सुशील यादव, मंजीत, सुमन लता, शोभा देवी आदि मौजूद रहे।

प्रदूषण का खतरा नहीं हो रहा कम, आसमान में धुएं की चादर बरकरार

# बादलों के आगोश में सूरज, ठंड का असर बढ़ना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लगातार दो दिन से आसमान में छाए बादलों ने सूर्यदेव को आगोश में लिया हुआ है। इससे दिन के समय सर्दी की शुरूआत हो गई है। मौसम में बदलाव से प्रदूषण का खतरा बढ़ने लगा है। एक्यूआई में ज्यादा सुधार नहीं आ रहा है। अगले तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान दिन के तापमान में कमी आने से ठिठुरन शुरू हो सकती है। हवा में नमी बढ़ने से प्रदूषण का खतरा भी कम नहीं हो रहा है। मंगलवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। सुबह से लेकर शाम तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 25.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। यह 10.5 डिग्री से बढ़कर 14.0 डिग्री पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 80 प्रतिशत तक पहुंच गया। 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। दो दिन से लगातार सूरज की धूप गायब रहने के बाद दिन के समय भी सर्दी का असर शुरू हो गया। इससे पूर्व दिन का मौसम गर्म बना हुआ था, जबकि रात के समय मौसम ठंडा बना हुआ था। अक्टूबर माह के अंत में ही इस बार सर्दी ने दस्तक दे दी है। पंखों तक का इस्तेमाल बंद हो गया है। लोगों को दिन के समय गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। बाजार में गर्म कपड़ों की डिमांड भी बढ़ने लगी है। गत वर्ष नवंबर माह के दूसरे सप्ताह में इस तरह का मौसम बना था। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। नवंबर के पहले सप्ताह में ही मौसम साफ होने की संभावना है।



रेवाड़ी। मंगलवार को सुबह से छाए रहे बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

#### धारूहेड़ा का एक्यूआई 328 दर्ज किया

मंगलवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 328 दर्ज किया गया, जो भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र से भी ज्यादा है। वातावरण में नमी के चलते प्रदूषण साफ होने की संभावना कम हो गई हैं। अगर इस समय बरसात होती है, तो एक्यूआई में तेजी से सुधार हो जाएगा। बारिश नहीं होने की स्थिति में प्रदूषण का स्तर और भी बढ़ सकता है। दिवाली के बाद से ही एक्यूआई 300 से ज्यादा बना हुआ है। सुबह से लेकर शाम तक आसमान में धुआं छाया रहता है। लोगों को आंखों में जलन की शिकायत भी होती है।

#### गेहूं की बिजाई के लिए उपयुक्त समय

फसलों के लिए इस बार मौसम अनुकूल बना हुआ है। सरसों की बिजाई का कार्य 90 फीसदी तक पूरा हो चुका है। कृषि विशेषज्ञ डा. दीपक यादव के अनुसार इस बार गेहूं का रकबा बढ़ने की संभावना है। गेहूं और तूड़ी के दाम अच्छे मिलने के कारण गेहूं का रकबा इस बार 40 हजार हेक्टेयर तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि किसान 1 नंवबर से गेहूं की बिजाई शुरू कर सकते हैं। सरसों की अगेती फसल जमीन से बाहर आ रही है। ठंड बढ़ने के साथ ही सरसों का तेजी से विकास होने में मदद मिलेगी।